दिनांक 16 जनवरी 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

खुर्सीपार क्षेत्र में बन रहा है पहला बड़ा इंडोर स्टेडियम, खेल सुविधाओं का हो रहा विस्तार, बारिश के दिनों में भी जारी रहेगा खेल, मल्टी गेमिंग की सुविधा से लैस होगा यह स्टेडियम, निगम आयुक्त रोहित व्यास ने इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण कर लिया जायजा, अधिकारियों को दिए शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश

भिलाई नगर/ नगर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आज इंडोर स्टेडियम खुर्सीपार क्षेत्र का जायजा लिया। लगभग तीन करोड़ की लागत से इंडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य किया जा रहा है। खुर्सीपार क्षेत्र में यह पहला बड़ा इंडोर स्टेडियम है जो मल्टी गेमिंग के साथ उपलब्ध होगा। भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल की पहल से यह इंडोर स्टेडियम तैयार किया जा रहा है। इस स्टेडियम में विभिन्न प्रकार के खेल आयोजित हो सकेंगे साथ ही बारिश में भी खेल नहीं रुकेगा। रात्रि में भी खेलने के लिए यह एक अच्छा विकल्प साबित होगा। मुख्य सड़क से लगे होने के कारण खिलाड़ियों के लिए यह पसंदीदा जगह होगी और खेल अभ्यास के लिए आसानी से यहां पहुंचा जा सकेगा। मीटिंग, प्रशिक्षण एवं अन्य उपयोग के लिए बड़े हाल की भी व्यवस्था है। खेल की अगर बात करें तो 2 बैडमिंटन कोर्ट, कैरम रूम, चैस रूम, स्क्वैश रूम, टेबल टेनिस रूम आदि इस स्टेडियम में तैयार हो रहे हैं। धूप और बारिश खेल में बाधा नहीं बनेगी , आसानी से खिलाड़ी अपनी प्रैक्टिस इस इंडोर स्टेडियम में कर पाएंगे। सुविधाओं को देखते हुए दो पुरुष शौचालय और 2 महिला शौचालय भी तैयार किए जा रहे हैं इसके साथ ही पुरुषों के लिए चेंजिंग रूम और महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम उपलब्ध रहेगा। प्रवेश द्वार के खाली भूभाग पर सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। निगमायुक्त ने पूरे इंडोर स्टेडियम का अधिकारियों के साथ बारीकी से निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए शीघ्रता के साथ कार्य को पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी , पीडब्ल्यूडी के एसडीओ सुशील उरकुड़े , कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े , सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर , पीडब्ल्यूडी के उप अभियंता लोकेश कुमार तथा निगम के उप अभियंता अर्पित बंजारे आदि मौजूद रहे।